
# चंद्रशेखर आज़ाद का 94वाँ बलिदान दिवस

[स्रोत: द पनिकल गैज़ेट](#)

विभिन्न दलों के नेताओं ने **27 फरवरी 2025** को स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद को उनके **94वें बलिदान दिवस** पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

- **परिचय:** वह एक **क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी** थे जो अपनी **वीरता** के लिये जाने जाते थे और उनके जीवित रहते हुए अंग्रेज़ उन्हें बंदी बनाने में कभी सफल नहीं हुए।




- **स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका:** वे जलियाँवाला बाग हत्याकांड (1919) से बहुत प्रभावित हुए और **युवावस्था** में ही स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए।
  - वर्ष 1921 में एक छात्र के रूप में **NCM** में शामिल हुए और **वर्ष 1922 में गांधीजी द्वारा NCM को निलंबित करने** के बाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन HRA) के प्रमुख सदस्य बन गए ।
- **क्रांतिकारी गतिविधियाँ:** काकोरी ट्रेन एक्शन (वर्ष 1925)।
  - लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिये **जेपी सॉन्डर्स** की हत्या **(वर्ष 1928)।**
  - **वर्ष 1929 में वायसराय** लॉर्ड इरविन **की ट्रेन** पर बम फेंकने का प्रयास किया।
- **विरासत:** वे **अल्फ्रेड पार्क, इलाहाबाद (अब प्रयागराज)** में पुलिस मुठभेड़ में पकड़े जाने के बजाय **खुद को गोली मारकर शहीद** हो गये **(27 फरवरी 1931)।**

**अधिक पढ़ें:** चंद्रशेखर आज़ाद

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/94th-martyrdom-day-of-chandra-shekhar-azad